**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3777**

**उत्तर देने की तारीख: 12.08.2025**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**

**3777. श्री सु. वेंकटेशनः**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के लिए अधिदेशित पदों का ब्यौरा क्या है और सदस्यों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) वर्तमान में एनसीएससी में कुल कितने सदस्य हैं;

(ग) शेष रिक्त पद कितने समय से रिक्त पड़े हैं; और

(घ) क्या रिक्तियां कार्य को प्रभावित करती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री रामदास आठवले)**

**(क):** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और तीन सदस्य होते हैं।

**(ख):** वर्तमान में, एनसीएससी में एक अध्यक्ष और दो सदस्य कार्यरत हैं। वर्तमान आयोग मार्च 2024 से कार्यरत है। उपाध्यक्ष और एक सदस्य के पद मार्च 2024 से रिक्त हैं।

**(ग):** एनसीएससी के विभिन्न कार्यों का संचालन आयोग की वर्तमान संरचना द्वारा किया जा रहा है।

*****